# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 29 जनवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 28 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## राज्यपाल मंगूभाई पटेल का आज सौसर दौरा, हेल्थ कैंप का करेंगे अवलोकन

रणजीत टाइम्स



पांढुरना प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल आगामी आज 29 जनवरी को पांढुरना जिले के सौसर विकास खंड के प्रवास पर रहेंगे। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राज्यपाल महोदय सौसर जनपद की ग्राम पंचायत आमला में आयोजित होने वाले विशेष स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित होंगे।

### हेल्थ कैंप और हितग्राहियों से संवाद

तय कार्यक्रम के अनुसार, महामहिम राज्यपाल आमला पंचायत में सिकलसेल एनीमिया एवं एनसीडी की जांच के लिए लगाए जा रहे हेल्थ कैंप का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के उपरांत, श्री पटेल प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद भी करेंगे।

### प्रशासन अलर्ट मोड पर

राज्यपाल का गुरुवार सुबह करीब 11:00 बजे आमला पहुंचने का संभावित कार्यक्रम है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक विस्तृत आधिकारिक प्रोटोकॉल जारी नहीं किया गया है, लेकिन महामहिम के आगमन की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। महामहिम राज्यपाल रात्रि विश्राम तामिया में करेंगे तथा कई कार्यक्रमों शामिल होंगे।

## बजट से पहले देश की आर्थिक सेहत का आईना बनेगा आर्थिक सर्वे 2025-26, GDP अनुमान और विकास की दिशा पर टिकी पूरे देश की नजरें



नई दिल्ली। केंद्रीय बजट 2026 से ठीक पहले आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया जाएगा, जिसे देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति, भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं का सबसे अहम दस्तावेज माना जाता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोपहर करीब 12 बजे लोकसभा में आर्थिक सर्वे पेश करेंगी। यह सर्वे ऐसे समय आ रहा है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था टैरिफ युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव और व्यापारिक अनिश्चितताओं से जूझ रही है। ऐसे माहौल में भारत की विकास दर, जीडीपी अनुमान और आर्थिक रणनीति पर न सिर्फ देश बल्कि दुनिया की भी निगाहें टिकी हुई हैं। आर्थिक सर्वे से यह स्पष्ट संकेत मिलने की उम्मीद है कि भारत वैश्विक व्यापार युद्ध और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक दबावों के बीच अपनी विकास गति को कैसे बनाए रखने की रणनीति पर काम कर रहा है। भारत लगातार दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान मजबूत करता रहा है और सर्वे में यह आकलन सामने आ सकता है कि आने वाले वर्षों में यह रफ्तार कितनी मजबूत रहने वाली है। सरकार का अनुमान है कि भारत इस दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। नाममात्र जीडीपी के लिहाज से तब भारत केवल अमेरिका और चीन से पीछे होगा, जो देश की आर्थिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। आर्थिक सर्वे बजट 2026-27 के लिए एक तरह से दिशा-सूचक का काम करता है। इसमें बीते वित्त वर्ष की उपलब्धियों, नीतिगत फैसलों के असर और विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण होता है। साथ ही यह दस्तावेज यह भी संकेत देता है कि आने वाले बजट में सरकार किन क्षेत्रों पर विशेष फोकस कर सकती है। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण, निरंतर विकास को गति देना, बुनियादी ढांचे में निवेश, पूंजीगत व्यय, रक्षा खर्च और रोजगार सृजन जैसे मुद्दों पर आर्थिक सर्वे के निष्कर्ष बेहद अहम माने जा रहे हैं।

बजट से पहले की तैयारियों के तहत 28 जनवरी 2026 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पारंपरिक हलवा समारोह में भाग लिया था। यह समारोह बजट दस्तावेजों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए शुरू होने वाली क्वारंटाइन प्रक्रिया का प्रतीक होता है। इसके बाद बजट से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी बाहरी संपर्क से अलग होकर अंतिम तैयारियों में जुट जाते हैं। यह परंपरा दशकों से चली आ रही है और हर बजट से पहले इसका खास महत्व होता है। सरकार के संकेतों के अनुसार, बजट 2026-27 में भी पिछले कुछ वर्षों की तरह डिजिटल और पेपरलेस व्यवस्था को आगे बढ़ाया जाएगा। डिजिटल क्रांति को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ बजट को पूरी तरह कागज रहित रूप में पेश किया जाएगा। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी और आधुनिक बनेगी। आर्थिक सर्वे और बजट ऐसे समय में आ रहे हैं जब आम आदमी को आयकर राहत, महंगाई पर नियंत्रण और रोजगार के नए अवसरों की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक सर्वे में दिए गए जीडीपी अनुमान और सेक्टोरल आउटलुक से यह साफ हो जाएगा कि सरकार विकास और समावेशी अर्थव्यवस्था के बीच किस तरह संतुलन बनाने जा रही है। अब सभी की नजरें आज पेश होने वाले आर्थिक सर्वे पर हैं, जो यह तय करेगा कि बजट 2026-27 में देश की आर्थिक दिशा किस ओर बढ़ने वाली है।

# भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते पर सियासी घमासान

### भाजपा ने बताया ऐतिहासिक उपलब्धि, कांग्रेस ने राहुल गांधी के अपमान का लगाया आरोप

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को लेकर देश की राजनीति गरमा गई है। सत्तारूढ़ भाजपा ने इस समझौते को भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में मील का पत्थर बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम करार दिया है। वहीं कांग्रेस ने इसी बीच राहुल गांधी से जुड़े गमोसा विवाद और गणतंत्र दिवस पर कथित अपमान को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह समझौता भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत होती साझेदारी का प्रमाण है। उनके अनुसार यह करार निवेशकों के भरोसे को नई मजबूती देगा और उद्योग, व्यापार, तकनीक व रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर पैदा करेगा। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा का परिवर्तनकारी अध्याय बताया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता है, जिससे दोनों पक्षों के लोगों को नए अवसर मिलेंगे और व्यापारिक रिश्तों में नई ऊर्जा आएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी इस करार को भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और तकनीकी क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर बताया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी इस समझौते का स्वागत किया। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए झूठे प्रचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गमोसा विवाद को जानबूझकर तूल दिया जा रहा है ताकि राहुल गांधी और पूर्वोत्तर के बीच दूरी दिखाई जा सके, जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। खरगे ने दावा किया कि राहुल गांधी ने गमोसा पहना था और बाद में उसे अपने हाथ में रखा हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा मंत्री और भाजपा अध्यक्ष ने भी गमोसा नहीं पहना था, फिर भी सिर्फ राहुल गांधी को निशाना बनाया गया। खरगे ने यह आरोप भी लगाया कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राहुल गांधी और स्वयं उन्हें तीसरी पंक्ति में राज्य मंत्रियों के साथ बैठाकर अपमानित किया गया। कांग्रेस का कहना है कि यह न सिर्फ विपक्ष के नेता का, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं का भी अपमान है। भाजपा ने हालांकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि कांग्रेस बेवजह विवाद खड़ा कर रही है। इसी बीच भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल के दौरे पर दुर्गापुर में आयोजित 'कमल मेला' में कहा कि यदि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करना है, तो पहले विकसित बंगाल का निर्माण जरूरी है। उन्होंने बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए कहा कि राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने देश को दिशा दी। नितिन नवीन ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इस तरह भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौता जहां आर्थिक उपलब्धि के रूप में पेश किया जा रहा है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री के.एन. सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बालिकाओं को बाल विवाह उन्मूलन अधिनियम 2025 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह की रोकथाम एवं लिंग चयनात्मक प्रथाओं के उन्मूलन के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पाक्सो ऐक्ट, गुड टच एवं बैड टच, बाल संरक्षण एवं बाल संवर्धन से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा ऐसे






मामलों में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि झूठी शिकायत किए जाने की स्थिति में बालिका के माता-पिता को 6 माह का कारावास एवं जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान है। शिविर में पीएलवी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीटीसी का किया वर्चुअली शुभारंभ





**रिपोर्ट-प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले के कल्याणपुर स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य श्री जगन्नाथ शर्मा एवं जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्वागत गीत, पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लखपति दीदियों ने अपने अनुभव एवं आवश्यकताओं को मंच के माध्यम से साझा किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, आजीविका मिशन की विकासखंड टीम तथा जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला परियोजना प्रबंधक श्री अजय सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# विधायक एवं रेडक्रॉस चेयरमैन की सूचना के बाद मरीज को मिल सका रेयर ब्लड

**गोलू यादव**

विगत दिनों जिला अस्पताल में भर्ती ककरुआ निवासी मरीज सतेंद्र साहू का हीमोग्लोबिन केवल 3.8 शेष रह गया था डॉक्टर ने मरीज के लिए तुरंत ब्लड की व्यवस्था करने को बोला चूंकि ब्लड ग्रुप रेयर था जो ब्लड बैंक में मिल नहीं रहा था मरीज के साथ गांव के लोग साथ थे जिन्होंने अपने अपने ब्लड ग्रुप चेक कराए किसी का भी मेच नहीं हो रहा था मरीज के परिजन इंदौर मजदूरी करते हैं वह देर शाम अशोकनगर पहुंचे ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर भी ब्लड की पोस्ट डालीं पर कहीं से ब्लड उपलब्ध नहीं हो सका अंत में क्षेत्रीय विधायक हरीबाबू राय एवं रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ जयमंडल के पास मामला पहुंचा तो इन दोनों ने ही ब्लड हेल्प



ग्रुप से संपर्क किया जिसके बाद खराब मौसम में भी ग्रुप के सदस्य शाश्वत रघुवंशी पानी में भीगते हुए रात्रि में ही मरीज के लिए बी निगेटिव रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचे,परिजन एवं ग्रामीणों ने रक्तदाता सहित ग्रुप का आभार माना

## 77वा गणतंत्र दिवस मनाया धूम धाम से

**बालोतरा/ सुमेर दाधीच पी एम श्री विद्यालय खोखसर में 77वा गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ध्वजा रोहण कर पी टी प्रेड के साथ मनाया गया जिसमें छोटे बच्चों ने भी अपनी कला दिखाई और गानों के साथ नाच भी किया।**



# फूट-फूट कर रोए अयोध्या के GST डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार, बोले- मुझे बर्दाश्त नहीं हुआ

**रणजीत टाइम्स**

**अयोध्या के जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बयान के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे अपनी पत्नी से फोन पर बात करते हुए फूट-फूट कर रोते हुए दिखाई दे रहे हैं प्रशांत कुमार सिंह ने अपने इस्तीफे में कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ की गई टिप्पणी से उन्हें गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश की सेवा कर रहे हैं, उस प्रदेश के मुखिया के लिए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल उन्हें बर्दाश्त नहीं हुआ प्रशांत कुमार सिंह ने यह भी कहा कि उनका इस्तीफा किसी दबाव में नहीं है, बल्कि यह उनका अपना फैसला है। उन्होंने कहा कि जब तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हो जाता, तब तक वे पूरी निष्ठा से अपने सरकारी दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।**

# घोर कलयुगः कलयुगी पोते ने बुढ़ापे की लाठी तोड़ी, विकलांग दादा-दादी को घर से निकाल कर


**सह संपादक दीपक वाड़ेकर**

## 1200 Sq Ft के मकान पर किया अवैध कब्जा!

इंदौर, मध्य प्रदेश कहते हैं कि पोता दादा-दादी की आंखों का तारा होता है, लेकिन इंदौर के भागीरथपुरा में एक पोते ने लालच में आकर रिश्तों का कत्ल कर दिया है। यहाँ एक विकलांग बुजुर्ग दंपत्ति को उनके ही अपने घर से बेदखल कर, उनकी जीवनभर की पूंजी पर कब्जा जमा लिया गया है।







### क्या है पूरा मामला?

भागीरथपुरा के निवासी मदनलाल धाकड़ और उनकी पत्नी कुसुम धाकड़, जो शारीरिक रूप से विकलांग हैं, आज दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। पीड़ित बुजुर्गों के अनुसार, उनके अपने बेटे पीयूष धाकड़, बहू शारदा धाकड़ और पोते मोहित धाकड़ ने मिलकर उनके साथ यह क्रूरता की है।

### धोखे और दादागिरी की दास्तान

मकान पर कब्जाः मदनलाल जी के नाम पर रजिस्टर्ड 1200 स्क्वायर फीट का मकान, जिसे उन्होंने खून-पसीने की कमाई से बनाया था, उस पर पोते मोहित ने नियत खराब कर ली।

गाली-गलौज और बेदखलीः करीब 3 साल पहले, मोहित ने अपने बुजुर्ग और लाचार दादा-दादी को गाली-गलौज कर और अपमानित कर घर से बाहर निकाल दिया।

जेवरात और चाबियां हड़पींः घर तो छीन ही लिया, साथ ही मकान की ओरिजिनल रजिस्ट्री और बैंक लॉकर की चाबियां भी पोते ने अपने पास रख ली हैं। लॉकर में बुजुर्ग दंपत्ति के जीवनभर की मेहनत से बनाए सोने-चांदी के जेवरात रखे हैं।


### जान से मारने की धमकी

जब दादा-दादी ने अपना हक मांगा, तो पोते ने उन्हें जान से मारने की धमकी तक दे डाली। "जिस पोते को गोद में खिलाया, उसी ने आज हमें छत के लिए मोहताज कर दिया। हमारे पास न घर बचा है, न गहने, बस जान बचाने का खौफ है।"

**- पीड़ित मदनलाल धाकड**

### प्रशासन से न्याय की गुहार

**आज यह विकलांग बुजुर्ग दंपत्ति न्याय के लिए गुहार लगा रहा है। सवाल यह उठता है कि क्या इंदौर प्रशासन और पुलिस इन बुजुर्गों को उनका हक वापस दिला पाएगी? क्या कलयुगी पोते के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी?**




# बेमौसम बारिश ने उजाड़ी किसानों की मेहनत दो घंटे की आंधी-बारिश में बुरहानपुर जिले की फसलें तबाह, मक्का-गेहूं-चना और तरबूज़ की फसलें हुई बर्बाद

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**



बुरहानपुर जिले में बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। अचानक बदले मौसम ने जहां जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई किसानों की तैयार फसलें खेतों में ही बर्बाद हो गईं। तेज आंधी के साथ करीब दो घंटे तक हुई मूसलधार बारिश से जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित रहा। शाहपुर लोनी, बिरोदा, बहादरपुर , ग्राम तुकईथड़ सहित कई गांवों से नुकसान की खबरें सामने आई हैं। तेज हवाओं के कारण कई मकानों की टिन शेड उड़ गईं।

### खेतों में डूबी फसल, किसानों पर सबसे बड़ा संकट

इस प्राकृतिक आपदा का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। मक्का, चना और गेहूं की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। खेतों में पानी भर जाने से तैयार फसल सड़ने लगी है, जिससे किसानों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बहादरपुर, लोनी, शाहपुर, विरोदा, तुकईथड़ के हुकुमचंद , नरेंद्र कुमार महाजन, संदीप बडगुजर, अंकुश महाजन आदि किसानो ने दर्द बयां करते हुए कहा हमने खेती के लिए कर्जा लेकर बीज, खाद और दवाइयां डाली थीं। अब फसल पूरी तरह खराब हो गई है। समझ नहीं आ रहा कर्जा चुकाएं या घर चलाएं।

### गांवों में मायूसी, मुआवजे की मांग

किसानों का कहना है कि अगर समय रहते सरकारी मदद नहीं मिली तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं। दो घंटे की बारिश ने सालभर की मेहनत खत्म कर दी। मक्का और गेहूं सब पानी में डूब गया है। सरकार से तुरंत मुआवजा चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में निराशा और चिंता का माहौल है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल फसल सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है।


### सवाल बरकरार

फिलहाल प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि कब तक किसानों को राहत मिलेगी और क्या उनकी मेहनत की भरपाई हो पाएगी ?

रणजीत टाइम्स 04
इंदौर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

संपादकीय लेख

# UGC 2026: समानता के नाम पर कहीं असमानता तो नहीं?




भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, न्यायसंगत और भेदभाव-मुक्त बनाने के उद्देश्य से UGC ने वर्ष 2026 में नए "Equity Regulations" लागू किए हैं। इन नियमों का उद्देश्य सभी वर्गों को समान अवसर देना बताया गया है, लेकिन इसके लागू होते ही देशभर में एक नई बहस शुरू हो गई है-विशेषकर Open / General Category को लेकर।

UGC 2026 का मूल उद्देश्य- UGC 2026 के नियमों के तहत हर विश्वविद्यालय और कॉलेज में: Equal Opportunity Centre (EOC) Equity Committee एवं Equity Squad,भेदभाव से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निवारण तंत्र अनिवार्य किया गया है।

कागज़ पर यह व्यवस्था सराहनीय दिखती है, लेकिन व्यवहार में इसके दुरुपयोग की आशंका भी सामने आ रही है।

Open Category की सबसे बड़ी चिंता, आज कई शिक्षण संस्थानों में यह सवाल उठ रहा है कि:-अगर किसी Open / General Category छात्र या शिक्षक पर भेदभाव का आरोप लगा दिया जाए, तो क्या वह स्वतः दोषी मान लिया जाएगा?

कई मामलों में देखा गया है कि: आरोप एकतरफा शिकायत के आधार पर दर्ज हो जाते हैं,सामाजिक दबाव में संस्थाएं तुरंत कार्रवाई कर देती हैं,आरोपी को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका नहीं मिलता

यही कारण है कि Open Category के छात्रों और शिक्षकों में डर और असुरक्षा का माहौल बन रहा है।

महत्वपूर्ण सवालः अगर Open Category पर आरोप लगे, तो अपील कहाँ करें?,UGC 2026 के अंतर्गत आरोपी को भी कानूनी अधिकार दिए गए हैं, जिन्हें जानना बेहद ज़रूरी है:

1 संस्थान स्तर पर अपील

सबसे पहलेः कॉलेज / यूनिवर्सिटी की Equity Committee Equal Opportunity Centre (EOC) के सामने लिखित जवाब और साक्ष्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं। यहाँ Natural Justice (सुनवाई का अधिकार) लागू होता है।

2 UGC Grievance Redressal Portal यदि संस्थान निष्पक्ष सुनवाई नहीं करता, तोः सीधे UGC की Grievance Redressal Cell में शिकायत दर्ज की जा सकती है ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मामला UGC तक पहुँचता है UGC को अधिकार है कि वहः संस्थान से जवाब मांगे गलत कार्रवाई को निरस्त करे
जांच समिति गठित करे

3 State / National Education Authority राज्य विश्वविद्यालयों के मामलों में: राज्य उच्च शिक्षा विभाग राज्यपाल (Chancellor) कार्यालय के समक्ष भी अपील की जा सकती है।

4 न्यायालय का रास्ता (सबसे मजबूत अधिकार)
यदिः सुनवाई पक्षपातपूर्ण हो,बिना प्रमाण दंड दिया जाए
प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचे,तो Open Category का व्यक्तिः हाई कोर्ट और आवश्यकता पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट,में रिट पिटीशन (Article 226 / 32) दायर कर सकता है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को बराबर न्याय का अधिकार देता है—चाहे वह किसी भी वर्ग से हो। संतुलन ज़रूरी है

यह सच है किःभेदभाव रोकना ज़रूरी है,कमजोर वर्गों को सुरक्षा मिलनी चाहिए,लेकिन यह भी उतना ही सच है किः बिना जांच, बिना सुनवाई, सिर्फ आरोप के आधार पर किसी को दोषी ठहराना भी अन्याय है।

UGC 2026 को सुरक्षा कवच बनना चाहिए, हथियार नहीं।

निष्कर्ष UGC 2026 एक अच्छी मंशा से लाया गया कानून है, लेकिन इसके निष्पक्ष और संतुलित क्रियान्वयन के बिना यह समाज को जोड़ने की बजाय बाँट सकता है।
Open Category हो या Reserved Category-कानून सबके लिए समान होना चाहिए,
और न्याय बिना डर के मिलना चाहिए।

संपादकीय | गोपाल गावंडे
रणजीत टाइम्स

# छात्रों में परीक्षाओं के तनाव को नियंत्रित करता है सहजयोग

सहजयोग द्वारा विद्यार्थियों के संतुलन, अनुशासन व सफलता में वृद्धि होती है। सर्व विदित है कि सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित कुंडलिनी जागरण व ध्यान योग की पद्धति है जो मानव के आध्यात्मिक उन्नति में सहायक है। परंतु पूर्ण सत्य यह है कि सहजयोग आध्यात्मिक ही नहीं वरन् जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति प्रदान करता है, और यह जीवन की प्रत्येक अवस्था बालपन से लेकर वृद्धावस्था तक समान रूप से लाभकारी है। इसी क्रम में यह समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि छात्र जीवन में सहजयोग विशेष रूप से सहायक है। भारत में फरवरी से लेकर मई तक विभिन्न परीक्षाओं का समय होता है।

इस समय लाखों बच्चे बोर्ड व प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं। वर्तमान शिक्षा पद्धति में अंकों के प्रतिशत का महत्व बढ़ने से छात्रों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। परिणामस्वरूप निराशा, तनाव, भिन्न प्रकार के मानसिक रोग, हमें बच्चों में देखने को मिल रहे हैं। पराकाष्ठा ये है कि कुछ बच्चे कम उम्र में ही हृदयाघात के शिकार हो रहे हैं और छात्रों में आत्महत्या के उदाहरण बढ़ते जा रहे हैं। ये सनातन संस्कृति के वाहक भारत देश के लिए चिंताजनक है।

प्राचीन काल में गुरुकुल प्रणाली में योग्य गुरुजन छात्रों को संयमित, संतुलित व अनुशासित व्यक्तित्व में ढालने का कार्य करते थे जो आज संभव नहीं है। परंतु वर्तमान जीवन शैली में रहते हुए भी छात्रों को वही संतुलन, संयम व सफलता प्रदान करना सहजयोग द्वारा पूर्णतया संभव है।मानव शरीर की रचना पंचतत्वों से हुई है। इन सभी तत्वों की संतुलित अवस्था हमारे शरीर व मन को स्वस्थ रखती है। हमारा सूक्ष्म शरीर मुख्यतया तीन नाड़ियों व सात चक्रों से संचालित होता है। इस संतुलन की स्थापना हमारे मूलाधार में स्थित कुंडलिनी शक्ति द्वारा की जाती है। श्री माताजी के समक्ष जब कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तथा प्रतिदिन कुछ समय के ध्यान द्वारा हम इस स्थिति में स्थापित हो जाते हैं तो जीवन की आपाधापी, निराशा, आक्रामकता समाप्त हो जाती है। आत्मसाक्षात्कार किसी भी उम्र में सहजता से प्राप्त किया जा सकता है। विश्व के 150 से अधिक देशों में प्रत्येक आयुवर्ग के व्यक्तियों ने सहजयोग को अपनाकर जीवन में सफलता व आनंद को प्राप्त किया है। सहजयोग द्वारा विद्यार्थियों की एकाग्रता, मैमोरी, समझने की शक्ति व त्वरित निर्णय की क्षमता में अद्भुत वृद्धि होती है तथा मानसिक तनाव व दबाव पर नियंत्रण रहता है और यह वैज्ञानिक व आधुनिक चिकित्सा पद्धति द्वारा प्रमाणित किया गया है। अतः आनंदमय, सफल व संतुलित जीवन के लिए अपने बच्चों को सहजयोग का उपहार अवश्य प्रदान करें। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं-1800 2700 800 यूट्यूब चैनल-लर्निंग सहजयोगा।

# अर्थ जैन को मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी लिमिटेड की क्षेत्रीय होल्डिंग कंपनी एआईसीटीएसएल में प्रभारी कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया

After Sixth Round 600 Votes

President
Gaurav Shrivastava 162
GP Singh 158
Manish Jain 86
Manish Yadav 164
Pawan Joshi 30

Vice President
Abhishek Tugnawat 309

Apoorva Shukla 95
Bhawna Sahu 38
Dharmendra Sahu 80
Madhusudan Yadav 70

Secretary
Govind Rai 197
Manish Gadkar 195
Nilesh Manore 198

Joint Secretary
Amit Raj 339
Gyanendra Sharma 249

# एकल अभियान संभाग मध्य भारत भाग मालवा के अंचल खंडवा संच भाई डोईफोडीया, तुकईथड़, में बुधवार को आचार्य मासिक बैठक हुई संपन्न

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

**बुरहानपुर - एकल अभियान संभाग मध्य भारत भाग मालवा के अंचल खंडवा संच भाई डोईफोडीया, तुकईथड़, में बुधवार 28 जनवरी को आचार्य मासिक बैठक संपन्न हुई।**

जिसमें अंचल समिति द्वारा मकर संक्रांति का कार्यक्रम किया गया जिसमें उपस्थित ,अंचल महिला समिति से श्रीमती मोहिनी जी गुप्ता अंचल महिला संरक्षक श्रीमती संगीता जी चौहान वन यात्रा प्रभारी, श्रीमती आरती जी जैन सदस्य, संच समिति से श्री, चंद्रकिशोर भावसार संच अध्यक्ष श्री, केशुराम जी, सदस्य श्री, महेंद्र मालवीय सदस्य, संच महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जी दीक्षित श्री, एकल अभियान के पूर्णकालिन कार्यकर्ता, श्री संतोष जी राठौड़ अंचल अभियान प्रमुख ,रविदास चौहान अंचल गतिविधि प्रमुख, श्री, रीताराम डुडवे अंचल व्यास एवं नंदकिशोर,गोतम संच प्रमुख,केलाश कलमे संच प्रमुख एवं आचार्य गण इन सब की उपस्थिति में आज की आचार्य मासिक बैठक संपन्न हुई इस बीच अंचल टोली, संच टोली, के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे साथ ही अंचल महिला समिति द्वारा आचार्यों को मकर संक्रांति के उपलक्ष में साड़ी, कुर्ता पजामा दिए गए .!!




# 77वां गणतंत्र दिवस देवास जिला न्यायालय परिसर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया




देवास। कार्यक्रम में माननीय अजय प्रकाश मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय ने अपने उद्बोधन में संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं कर्तव्यबोध पर प्रकाश डालते हुए सभी को संविधान के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर को भव्य सजावट एवं आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया, जो उपस्थित जनसमूह के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण कर सभी ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

# गणतंत्र दिवस पर इंदौर में भव्य रैली, युवाओं में दिखा देशभक्ति का उत्साह

इंदौर। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर इंदौर शहर में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाला गावडे के नेतृत्व में भव्य देशभक्ति रैली का आयोजन किया गया। लगातार पाँच वर्षों से आयोजित हो रही इस रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं इंदौर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान "जय हिंद" और "वंदे मातरम्" के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर नजर आया। हाथों में तिरंगा लिए युवा देश के प्रति अपने समर्पण और जिम्मेदारी का संदेश देते दिखाई दिए।

आयोजनकर्ता बाला गावडे ने रैली को संबोधित करते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करना, अनुशासन का संदेश देना तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि






राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और ऐसे आयोजनों से उनमें जिम्मेदारी का भाव जागृत होता है। रैली में दीप शर्मा, बाबा भुल्लर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छात्र नेता रवि चौधरी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की ओर बढ़ रही है, जो समाज और देश के लिए चिंताजनक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया और गणतंत्र दिवस की गरिमा को और अधिक गौरवपूर्ण बना दिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ।

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है**

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

**आदि बन्ना (नगर उपाध्यक्ष)**
**राजपूत करणी सेना को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ**



ईश्वर से कामना है कि आप सदैव स्वस्थ, दीर्घायु एवं ऊर्जावान रहें। आपके नेतृत्व में समाज और संगठन निरंतर प्रगति करे, आप सदा सत्य, साहस और सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहें। राजपूत समाज के गौरव, स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा हेतु आपका योगदान और समर्पण प्रेरणादायी है। नया वर्ष आपके जीवन में सफलता, यश और खुशहाली लेकर आए।

**जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ**

**जय राजपूत करणी सेना।**

**इंदौर | रणजीत टाइम्स**

नववर्ष के अवसर पर इंदौर के कनाडिया थाना प्रभारी श्री सहर्ष यादव को रणजीत टाइम्स की ओर से नववर्ष का कैलेंडर, डायरी एवं प्रेम-भेंट भेंट की गई। यह सौजन्य भेंट राजेश धाकड़ द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री सहर्ष यादव ने रणजीत टाइम्स परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया और पुलिस के बीच सकारात्मक संवाद समाज के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कानून-व्यवस्था एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से नववर्ष पर शांति, सुरक्षा और सौहार्द की कामना की गई तथा पुलिस प्रशासन के सहयोगात्मक कार्यों की सराहना की गई।



# ग्राम पंचायत शिहांशा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



रणजीत टाइम्स

आदित्य शर्मा

ग्राम पंचायत शिहांशा में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई।

इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण चौहान, उप सरपंच अर्जुन भीम सिंह राठौड़, जनपद सदस्य मुकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य दिलीप जी पटेल, सचिव प्रह्लाद जी नील सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही रामनिवास जी, महेश जी चौहान, भारत शुक्ला जी, पप्पू जी, जीवन जी एवं समस्त ग्राम पंचायत की जनता ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर



दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान ग्राम पंचायत शिहांशा में देशभक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

# इंदौर में भूमि समाहितकरण संबंधी कलेक्टर के आदेश पर स्थगन की खबर तथ्यहीन

**अपर आयुक्त न्यायालय द्वारा कलेक्टर के आदेश पर नहीं जारी किया गया कोई स्थगन**

रणजीत टाइम्स

इंदौर कतिपय समाचार-पत्रों द्वारा इस प्रकार का समाचार प्रसारित किया गया है कि कस्बा इंदौर में स्थित सर्वे नंबर 407/1669/3 रकबा 1.702 हेक्टेयर भूमि क्रिश्चियन मिशनरी को शासन हित में समाहित करने का जो आदेश कलेक्टर जिला इंदौर द्वारा दिनांक 12.01.2026 को दिया गया है, उस पर अपर आयुक्त, न्यायालय, इंदौर द्वारा स्थगन जारी किया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि इस आदेश पर ऐसा कोई स्थगन अपर आयुक्त, न्यायालय द्वारा जारी नहीं किया गया है। यहां तक कि इस आदेश के विरूद्ध कोई अपील तक अपर आयुक्त, न्यायालय में प्रचलन में नहीं है। कलेक्टर जिला इंदौर ने अपने आदेश दिनांक 26.12.2025 से इस प्रकरण में प्रतिपरीक्षण हेतु दी गई अनुमति को अस्वीकार करने का आदेश दिया था, जिस पर एक निगरानी प्रकरण अपर आयुक्त, न्यायालय में प्रचलित था। जिसमें सिर्फ प्रतिपरीक्षण के बिंदु पर अनुमति अस्वीकार करने के कलेक्टर जिला इंदौर के आदेश पर स्थगन जारी किया गया था। कलेक्टर द्वारा दिनांक 12.01.2026 को आदेश पारित करते हुए इस भूमि को शासन हित में समाहित करने का आदेश दिया गया। इस आदेश की जानकारी अपर आयुक्त, न्यायालय को दिनांक 27.01.2026 को प्राप्त हुई। कलेक्टर द्वारा प्रकरण का अंतिम रूप से निराकरण किया जा चुका था, अतः यह तथ्य संज्ञान में आने पर अपर आयुक्त, न्यायालय, इंदौर में प्रचलित निगरानी प्रकरण को समाप्त किया जा चुका है। चूंकि कलेक्टर द्वारा जारी आदेश दिनांक 12.01.2026 पर कोई प्रकरण प्रचलित ही नहीं था, इसलिये इन भूमियों को शासन हित में समाहित किये जाने के आदेश पर कोई स्थगन आदि जारी करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। इस प्रकार इस प्रकरण में कलेक्टर जिला इंदौर के आदेश दिनांक 12.01.2026 पर कोई स्थगन न तो पूर्व में था और न ही वर्तमान मेंहै। दिनांक 12.01.2026 को कलेक्टर द्वारा प्रकरण का अंतिम रूप से निराकरण कर देने पर अपर आयुक्त न्यायालय में प्रचलित निगरानी प्रकरण समाप्त कर दिया गया।

### मरीज़ के लिए काल बना सोहम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

# गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की मौत

## ऐसे हॉस्पिटल और डॉक्टरों पर कब लगेगी लगाम?

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर :- मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में डॉक्टर की वजह से एक युवक की जान चली गई। दरअसल, डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन लगाया था, जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी। और डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्वालियर में सोहम हॉस्पिटल में डॉक्टर की वजह से एक युवक की जान चली गई। डॉक्टर के द्वारा तीन इंजेक्शन लगाने पर उसकी हालत बिगड़ गई और उसके बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना ठाठीपुर थानांतर्गत मयूर मार्केट सोहम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की है आक्रोशित परिजनों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर नारेबाजी शुरू कर दी थी । डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की। वहीं, पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे अधिकारियों ने डॉक्टर के खिलाफ जांच कर दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। दरसअल, भितरवार थाना अंतर्गत ग्राम मस्तूरा में रहने वाले 60 साल के हरविलास जाटव के पेट में रविवार शाम को अचानक से दर्द हुआ तो परिजन उसे लेकर ग्वालियर मयूर मार्केट स्थित सोहम हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टर के द्वारा दवाई देते हुए तीन इंजेक्शन युवक को लगा दिए उसके बाद अचानक और ज्यादा तबियत बिगड़ने लगी डॉक्टर ने उसकी नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को



पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद आक्रोशित परिजन शव को लेकर सोहम हॉस्पिटल के बाहर नारेबाजी करने लगे जहां उन्होंने शव को सड़क पर रखकर परिवार और रिश्तेदारों ने मिलकर नारेबाजी करते हुए अस्पताल के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करने लगे खबर लगते ही पुलिस फोर्स और अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों का आरोप था कि डॉक्टर के द्वारा लापरवाही से इलाज कर उसे गलत इंजेक्शन लगाए गए, जिससे उसकी मौत हुई है।

### हॉस्पिटल को सील कर, दोषी डॉक्टर को गिरफ्तार किया जाए

वहीं, परिजन डॉक्टर की गिरफ्तारी को लेकर अड़े रहे। और कहा कि ऐसे हॉस्पिटल को पूर्णता बंद कर को पूर्णता बंद कर देना चाहिए जो मरीजों के लिए काल बने , कई घंटे चले इस नारेबाजी के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया और मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन मान गए और डेड बॉडी को लेकर अपने ग्राम रवाना हो गए । फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अपनी जांच शुरू कर दी है और सीएमएचओ को जानकारी देकर उसके द्वारा किए जा रहे गलत इलाज की जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### इनका कहना है

परिजनों के कहने पर मर्ग कायम कर दिया है हर एंगल से पुलिस जांच कर रही है तुलसी डॉक्टर पर उचित कार्रवाई की दोषी :- अतुल सोनी ( सीएसपी, ग्वालियर )

मरीज के भर्ती वाली फाइल जमा कर ली है, जांच की जा रही है गलत पाए जाने पर हॉस्पिटल को सील किया जाएगा :- ( डॉ सचिन श्रीवास्तव, सीएमएचओ ग्वालियर )

हमारे द्वारा कोई गलत इलाज नहीं किया गया है मरीज का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर क्लियर हो जाएगा :- डॉ मनीष श्रीवास्तव, संचालक , सोहम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल )

# ड्राई डे की पूर्व संध्या और ड्राई डे पर आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के द्वारा इंदौर जिले में घोषित ड्राई डे के आदेश का पालन कराने के लिए सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेन्द्र जोशी के नेतृत्व में दिनांक 26 जनवरी 2026 को ड्राई डे पर वृत्त- बालदा कॉलोनी एवं बाम्बे बाजार प्रभारी उप निरीक्षक मीरा सिंह के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में आज की कार्यवाही में वृत्त बाम्बे बाजार में मुखबिर की सूचना पर 26 जनवरी को



रात 12 बजे के बाद केसरबाग पुल के पास दबिश देकर तलाशी ली गई तो 5 पेटी देशी मसाला शराब बरामद हो गई मगर टीम को देखकर आरोपी अंधेरे की आड़ लेकर भाग निकला। इसी तरह श्रद्धा सबुरी प्रजापत नगर से आरोपी निलेश पिता शिवदार चौहान के कब्जे से 35 पाव मसाला शराब जब्त की गई तो जबरन कालोनी से आरोपी मनोज वर्मा पिता शिवनारायण वर्मा के पास से 125 पाव मसाला शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। तीन जगह से कुल 8 पेटी मसाला शराब जब्त की गई।इसी तरह अमृतसरी पंजाबी ढाबा में दबिश देकर तलाशी लेते हुए अनाधिकृत रूप शराब परोसने और पीने पर 12 बल्क लीटर बीयर जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 36 (1),36(2) के तहत 2 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जब्त मदिरा की कुल कीमत 44,600/- रुपए निकाली गई है। कार्यवाही में उप निरीक्षक मीरा सिंह के साथ आबकारी आरक्षक बब्लू सिसोदिया, मोहित कछावा, मोहित रैकवार,संगीता यादव,कोमल कनेल और अमित का सराहनीय योगदान रहा।

# 38 लीटर अवैध मदिरा जप्त

**4 आरोपी गिरफ्तार**




26 जनवरी ड्राई डे के अवसर पर आबकारी विभाग। वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक 01 द्वारा वृत्त क्षेत्रांतर्गत ग्राम अंबामुल्या एवं गारी पिपल्या में कार्यवाई करते हुए 18 बल्क लीटर देशी मदिरा एवं 20 बल्क लीटर बीयर, कुल 38 लीटर अवैध मदिरा जप्त की गई। इस दौरान संदीप पिता ओमप्रकाश पटेल निवासी गारी पिपल्या, जीतू पिता किशोर गोयल निवासी अंबामुल्या, श्यामुबाई पति प्रकाश जाटवा निवासी अंबामुल्या तथा सीताराम पिता उदयराम जाटवा निवासी अंबामुल्या, इंदौर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम धारा 34(1) क के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई।

# हर्ष कान्वेंट हाई स्कूल बड़ोदिया में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**दिलीप पाटीदार**

बड़ोदिया। हर्ष कान्वेंट हाई स्कूल बड़ोदिया में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं महात्मा गांधी के फोटो पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम बड़ोदिया में देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासित पंक्तिबद्ध रूप में चलते हुए “भारत माता की जय”, “वंदे मातरम्”, “जय हिंद” जैसे देशभक्ति नारों का उद्घोष किया। इसके पश्चात। प्रभात फेरी विद्यालय प्रांगण पहुंची जहां पर छात्र-छात्राओं द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने सराहा। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर समूह नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति कविताएँ तथा प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम एवं अनुशासन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं



ग्रामवासियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूल प्राचार्य ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व, भारतीय संविधान की सर्वोच्चता, देश की एकता एवं अखंडता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षित, संस्कारी, जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को प्राथमिकता देने एवं आपसी भाईचारे को मजबूत बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया गया।

# बीदर जिला प्रशासन की लीडरशिप में शहर के नेहरू स्टेडियम में हुए 77वें गणतंत्र दिवस प्रोग्राम में झंडा फहराने और सलामी लेने के बाद मैंने जिले को संबोधित किया



**आसिफ**

इस मौके पर, मैंने महापुरुषों के बलिदान और उनके बनाए लोकतंत्र के सपनों को याद किया। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह हमारे लोकतंत्र की रक्षा करे, जो समानता, न्याय और भाईचारे के मूल्यों पर आधारित है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई पांच गारंटी स्कीम - गृह ज्योति, शक्ति, अन्न भाग्य, गृह लक्ष्मी और युवानिधि - ने लोगों के जीवन में साफ बदलाव लाया है। इन स्कीमों ने आम आदमी को शांति, सुरक्षा और आत्मविश्वास दिया है।

बीदर जिले में पिछले 30 महीनों में किए गए विकास कार्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहे हैं। सड़कों में सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों का विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और हरियाली कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने से जिले का पूरा विकास हुआ है। इसके अलावा, कई ज़रूरी काम चल रहे हैं, जिसमें एक नया डिस्ट्रिक्ट कॉम्प्लेक्स बनाना, ऐतिहासिक बसवकल्याण में एक एक्सपीरियंस हॉल बनाना, भालकी में एक स्टेडियम और हॉस्पिटल बनाना, और बसवकल्याण और औरद तालुकों में कोर्ट



बिल्डिंग बनाना शामिल है। हमने भारी बारिश से प्रभावित ज़िले के किसानों के लिए लगभग 261.43 करोड़ का अतिरिक्त मुआवज़ा जमा कर दिया है। जिन किसानों ने पहले ही फ़सल बीमा करा लिया है, उनके लिए ‘मिड सीज़न एडवर्सिटी’ के तहत इंश्योरेंस कंपनियों ने लगभग 90 करोड़ का फ़सल बीमा मुआवज़ा भी जमा कर दिया है। सरकार हमेशा मुश्किल समय में किसानों के साथ खड़ी रही है। लोकतंत्र की खूबसूरती हमारी एकता में है। आइए, हम संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर देश की एकता और अखंडता को मज़बूत करें।























# सूने मकान में लाखों रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी की वारदात का हुआ खुलासा

## शातिर नकबजन 24 घंटे के भीतर पुलिस थाना आज़ाद नगर की गिरफ्त में

### आरोपी से चोरी किया मश्रुका 8,37,000/- मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण जप्त

इंदौर - पुलिस थाना आजाद नगर पुलिस को चोरी की एक बड़ी घटना के खुलासे में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैनी चौक, आजाद नगर में निवासरत एक दंपति द्वारा दिनांक 27.01.2026 को सूचना दी गई थी कि वे पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने हेतु घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लिए। शहर में चोरी/नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए निर्देशों के अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन 1 इंदौर श्री कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए, थाना प्रभारी आजाद नगर द्वारा तत्काल पुलिस टीम का गठन कर लगाया गया।



टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 45/2026, धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर शानू उर्फ शाहनवाज़ खान उम्र 23 वर्ष, निवासी हुसैनी चौक, आज़ाद नगर इंदौर को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने उक्त चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, जिससे चोरी किया मश्रुका जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, तथा अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

**जप्त मश्रुका**

- »» एक सोने का रानी हार
- »» एक जोड़ सोने के झुमके
- »» एक सोने की चेन
- »» एक सोने का पेंडेंट
- »» एक जोड़ चांदी की पायल
- »» 10 नग चांदी की बिछिया
- »» एक चांदी की चेन, कुल मश्रुका 8,37,000/- मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण जप्त किए गए हैं।

»» सराहनीय भूमिकाः इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी, आजाद नगर निरीक्षक लोकेश सिंह भदौरिया सउनि. मनोज कुमार दुबे एवं प्रधान आरक्षक नागेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।